महत्वपूर्ण एवं खास

मासूम बच्चा लापता,गुमशुदगी का मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी के खमतराई इलाके से एक मासूम बच्चा लापता हो जाने की रिपोर्ट थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार खमतराई निवासी पीड़ित 33 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि प्रार्थी का भतिजा 9 साल 7 माह 3 दिन घर के पास खेलते समय लापता हो गया है। पीड़ित ने आशंका जताई है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने पीड़ित के भतिजा को बहला-फुसलाकर अपहरण कर लिया है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 363 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गुमशुदगी का मामला कायम कर मामले की जांच में जुटी है।

बीयर बॉटल से मारकर युवक का सिर फोड़ा ,मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। बार में विवाद होने पर तीन युवकों ने एक व्यक्ति की बियर के बॉटल से मारकर सिर फोड़ दिया। मामले की शिकायत सिविललाईन थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार देवेन्द्रनगर सेक्टर 04 निवासी सूर्यकांत बेहरा 25 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि वह आईडीबीआई बैंक में असिस्टेंट के पद पर पदस्थ है। 4 जुलाई को सूर्या बार परिसर सिविललाईन रात 8.45 बजे गया था तभी परिसर में बैठे कुछ लोगों से विवाद हो जाने पर 3 अज्ञात लोगों ने प्रार्थी के साथ गाली-गलौच कर बीयर के बॉटल से मारकर सिर फोड़ दिया। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात 3 लड़कों के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

पत्नी को लाने ससुराल गए व्यक्ति को साले ने राड से मारकर चोट पहुंचाया, मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। पत्नी को लाने ससुराल गए पति को साले ने राड से मारकर घायल कर दिया। मामले की रिपोर्ट अभनपुर थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 07 अभनपुर गोविंदा उईके 30 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि प्रार्थी अपनी पत्नी को मायके से लाने उसके घर मित्तापारा अभनपुर गया था लेकिन उसकी पत्नी वापस आने से मना कर दिया। जिसके बाद प्रार्थी का साला गाली-गलौच करने लगा व जान से मारने की धमकी देकर राड से मारकर चोट पहुंचाया। मामले की शिकायत पर पुलिस ने प्रार्थी के साला शेष नेताम 25 वर्ष पिता मेहनत नेताम के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

नाबालिग प्रेमी युगल ने पेड़ में फांसी लगाकर की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

बालोद (आरएनएस)। जिले के गुरूर थाना क्षेत्र स्थित ग्राम डोटोपार में एक नाबालिग प्रेमी जोड़े ने पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने दोनों के शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मामले को जांच में लिया है। मृतिका रोशनी नेताम और मृतकक अजय साहू दोनों साथ में कक्षा ग्यारहवी में पढ़ाई करते थे। दोनों के बीच कक्षा नवमी में एक दूसरे के प्रति लगाव हो गया था और दोनों शादी भी करना चाहते थे। इस बात की जानकारी दोनों के परिजनों को भी पता था लेकिन जाति अलग होने के कारण परिजन इंकार करते थे। जिसके चलते दोनों नाबालिग ने एक साथ खेत में लगे पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने पंचनामा कर दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

समय पर हितग्राहियों को मिलें योजना का लाभ-कलेक्टर

» कलेक्टर भीम सिंह ने जल जीवन मिशन की ली समीक्षा बैठक

रायगढ़ । जल जीवन योजना के तहत स्वीकृत कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण हो। कार्य पूर्ण होने पर ही समय पर हितग्राहियों को योजना का लाभ मिलेगा।

उक्त बातें कलेक्टर भीम सिंह ने जिला जल स्वच्छता मिशन की समीक्षा बैठक में कही। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत किये जा रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल उपस्थित रहे। कलेक्टर सिंह ने पूर्व की बैठक में योजना से संबंधित स्वीकृत कार्यों की प्रगति और वर्तमान स्थिति पर चर्चा की। कलेक्टर सिंह ने जल्द से जल्द टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसी तरह कलेक्टर सिंह ने क्रेडा द्वारा सोलर पंप स्थापित करने संबंधित कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान सोलर पंप स्थापित एवं टंकी बनाने संबंधित कार्य के धीमी गति पर नाराजगी जाहिर करते हुये तेजी से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर सिंह ने जल जीवन मिशन की अद्यतन प्रगति एवं निविदाओं की स्वीकृति के अनुमोदन पर चर्चा की। ईई पीएचई संजय सिंह ने बताया कि रेट्रोफिटिंग योजना के 146, सिंगल विलेज योजना के 76, सोलर योजना के 270 सहित कुल 492 योजनाओं को प्रशासकीय स्वीकृति दी जा चुकी है तथा 409 योजनाओं की निविदायें जारी की जा चुकी है। जिसमें से 158 योजनाओं में कार्यादेश जारी किया गया है तथा 67 कार्य प्रारंभ कर दिये गये है।

इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल संसाधन, क्रेडा सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

एडीजी जीपी सिंह की गिर तारी किसी भी वक्त

» ईओडब्ल्यू-एसीबी मामले में अपना जल्द रूख तय करेगी

रायपुर (आरएनएस)। 10 करोड़ से अधिक के चल-अचल संपत्ति के आसामी निकले एडीजी जीपी सिंह पर अब गिर तारी की तलवार लटकने लगी है। आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में राज्य आर्थिक अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) एवं एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) एजेंसी ने छापेमारी के बाद अब किसी भी वक्त जीपी सिंह को गिर तार कर सकती है इसके लिए एजेंसी जल्द ही अपना रूख तय करेगी।

ईओडब्ल्यू-एसीबी की टीम ने एडीजी जीपी सिंह के 15 ठिकानों पर 3 दिन तक छापेमार कार्यवाही की थी। इस दौरान जीपी सिंह व उनके परिवार के नाम पर 10 करोड़ रूपये से अधिक की चल-अचल संपत्ति का पता लगाया गया है। यह संपत्ति जीपी सिंह ने जितने वर्षो में अर्जित की है उससे स्पष्ट है कि यह कमाई बड़े भ्रष्टाचार का प्रमाण है। हालांकि एजेंसी को जीपी सिंह के ठिकानों से चल-अचल संपत्ति के जो दस्तावेज मिले है उसकी जांच व गणना अभी भी जारी है। लिहाजा इस मामले में मिले साक्ष्यों के आधार पर जांच एजेंसी जल्द ही अपना रूख तय करेगी। संभवतः जांच के बाद किसी भी वक्त एजेंसी एडीजी जीपी सिंह को गिरफ़्तारी कर सकती है।

अच्छे कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी हमेशा याद रखे जाते हैं : राज्यपाल उइके

रायपुर (आरएनएस)। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके की गरिमामयी उपस्थिति में आज यहां राजभवन में राज्यपाल के पूर्व उप सचिव मती रोक्तिमा यादव एवं पूर्व परिसहाय त्रिलोक बंसल के स्थानांतरण होने के पश्चात विदाई दी गई। साथ ही नये उप सचिव दीपक कुमार अग्रवाल तथा नव नियुक्त परिसहाय सूरज सिंह परिहार का स्वागत किया गया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जीवन में जो भी दायित्व मिलता है या शासकीय नौकरी के दौरान जिस पद पर आप कार्य करते हैं उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करना चाहिए। जो भी व्यक्ति अपने कार्यों को ईमानदारी से या समर्पित भाव से कार्य करता है तो उसे लोग सदैव याद करते हैं। यह याद रखिए कि काम का ही आंकलन होता है। उन्होंने कहा कि यदि हम सहनशीलता और धैर्य के गुण को धारण करके कार्य करेंगे तो हम स्वयं खुश रहेंगे और जनसेवा भी बेहतर तरीके से कर सकेंगे।

राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रपति या उपराष्ट्रपति कार्यालय, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री कार्यालय तक छत्तीसगढ़ के राज्यपाल या राजभवन के कार्यों की सराहना होती है तो उसमें राजभवन के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों का योगदान होता है। राजभवन एक परिवार की तरह है।

हुमाना द्वारा स्कूल में संचालित कंप्यूटर लैब का स्वामित्व व संवहन पूर्णतया स्कूलों व समग्र शिक्षा मिशन रायगढ़ को सौंपा गया

रायगढ़ । हुमाना पीपल टू पीपल इंडिया संस्था द्वारा विद्यालय में डिजिटल क्लासरूम परियोजना के तहत स्थापित कंप्यूटर लैब का स्वामित्व एवं संवहन पूर्णतया स्कूलों व समग्र शिक्षा मिशन रायगढ़ को सौंप दिया गया। उल्लेखनीय है कि हुमाना संस्था द्वारा विद्यालय में डिजिटल क्लासरूम परियोजना के तहत कंप्यूटर लैब अक्टूबर 2019 में स्थापित कर संचालित की जा रही थी। यह परियोजना माइक्रोसॉफ्ट के सहयोग से सुचारू थी। माइक्रोसॉफ्ट का अनुबंध 2 वर्षीय रहा और मार्च 2021 में इसके पूर्ण होने पर हुमाना ने इसे जून 2021 तक जारी रख, अंत में डिजिटल लैब का स्वामित्व एवं संवहन पूर्णतया स्कूलों व समग्र शिक्षा मिशन रायगढ़ को सौंप दिया।

विदित हो कि लैब को नियमित सुचारू रखने के लिए संस्था द्वारा स्कूल के शिक्षकों को प्रशिक्षित भी किया जा चुका है एवं उनके मार्गदर्शन के लिए शिक्षक सहायक पुस्तिका भी स्कूलों को सौंप दी गई। भविष्य में लैब के संचालन एवं संवहन की पूर्णता जिम्मेदारी स्कूल व जिला समग्र शिक्षा मिशन की होगी। आज इसी तारतम्य में जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायगढ़ में विद्यालयों के प्रधान पाठको, जिला मिशन समन्वयक रमेश देवांगन के मार्गदर्शन व जिला प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर हुमाना बलविंदर सिंह तथा जिला डिजिटल प्रोजेक्ट कार्यक्रम प्रभारी आलोक स्वर्णकार एपीसी समग्र शिक्षा के कुशल निर्देशन में आहूत बैठक में हुमाना समूह द्वारा दिए गए डिजिटल प्रोजेक्ट कार्यक्रम हेतु सामग्री की सूची व स्टॉक रजिस्टर का मिलान कर हैंड ओव्हर की प्रक्रिया पूर्ण की गई। उक्त बैठक में विभिन्न विद्यालयों के प्रधान पाठकों में सर्वश्री सुशील कुमार गुप्ता, शैलेंद्र राय, घनश्याम सिंह पटेल, भुवनेश्वर प्रसाद पटेल, श्रीमती काकुली बनर्जी, श्रीमती गीता उपाध्याय, अभिषेक लाल, सुशील कुमार गडतिया आदि की उपस्थिति रही।

आकर्षण का केन्द्र बनेगा छत्तीसगढ़ का राम वनगमन पर्यटन परिपथ : मुख्यमंत्री

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि भगवान श्रीराम के ननिहाल छत्तीसगढ़ में उनके वन गमन की स्मृतियों को जीवंत बनाने के लिए राज्य के उत्तरी छोर कोरिया से लेकर दक्षिण में सुकमा तक राम वनगमन पर्यटन परिपथ का तेजी से विकास किया जा रहा है, परिपथ के चिन्हित स्थलों में पौराणिक प्राचीन स्वरूप को संरक्षित करते हुए विकसित किया जा रहा है। आने वाले समय में छत्तीसगढ़ का राम वन गमन पर्यटन परिपथ देश-विदेश के पर्यटकों के आकर्षण के प्रमुख केन्द्र के रूप में उभरेगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में ऐतिहासिक, पुरातात्विक, धार्मिक, सांस्कृतिक महत्व के अनेक स्थलों के साथ अनेक सुंदर प्राकृतिक स्थल और जलप्रपात भी हैं। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इन स्थलों में पर्यटकों के रूकने की सुविधा सहित सभी जरूरी सुविधाएं विकसित की जाएं, तो छत्तीसगढ़ को पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान मिलेगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज यहां अपने निवास कार्यालय में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना राम वन गमन पर्यटन परिपथ की प्रगति सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में पर्यटन के विकास की व्यापक संभावना है। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों को जोड़ते हुए सर्किट बनाए। उन्होंने कहा कि राजिम में महानदी में जल कुंड बनाए, ताकि वहां श्रद्धालुओं के लिए नहाने की व्यवस्था हो और ऐसी व्यवस्था की जाए कि नदी में पानी लगातार बना रहे। मुख्यमंत्री ने राम वन गमन पर्यटन परिपथ विकास के तहत प्रथम चरण में चयनित 9 स्थलों की प्रगति के साथ ही सिरपुर को हेरिटेज स्थल के रूप में बुद्धिष्ट थीम पर किए जा रहे विकास कार्य, मां ब लेश्वरी देवी मंदिर डोंगरगढ, प्रज्ञागिरी स्थल का विकास, ट्रायबल टूरिज्म सर्किट के तहत हो रहे कार्यो की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने पर्यटन स्थलों का विकास विभिन्न विभागों के समन्वय से करने के निर्देश दिए। बैठक में पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू, मु य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के अपर मु य सचिव सुब्रत साहू, प्रमुख सचिव वन मनोज कुमार पिंगुआ, मुख्यमंत्री के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी, पर्यटन सचिव अन्बलगन पी. एवं छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के प्रबंध संचालक यशवंत कुमार उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ में अब तक आज 280.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक 1 जून 2021 से अब तक राज्य में 280.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से आज 05 जुलाई तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार कोरबा जिले में सर्वाधिक 484.8 मिमी और दंतेवाड़ा जिले में सबसे कम 162.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा में 230.2 मिमी, सूरजपुर में 315.7 मिमी, बलरामपुर में 271.8 मिमी, जशपुर में 323.8 मिमी, कोरिया में 252.3 मिमी, रायपुर में 268.1 मिमी, बलौदाबाजार में 351.5 मिमी, गरियाबंद में 319 मिमी, महासमुंद में 267.3 मिमी, धमतरी में 279.6 मिमी, बिलासपुर में 275 मिमी, मुंगेली में 194.9 मिमी, रायगढ़ में 265.1 मिमी, जांजगीर चांपा में 326.4 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 290.9 मिमी, दुर्ग में 297.4 मिमी, कबीरधाम में 230.2 मिमी, राजनांदगांव में 189.3 मिमी, बालोद में 266.2 मिमी, बेमेतरा में 348.2 मिमी, बस्तर 196.1 मिमी, कोण्डागांव में 262.5 मिमी, कांकेर में 238.9 मिमी, नारायणपुर में 236.2 मिमी, सुकमा में 427 मिमी और बीजापुर में 292.2 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

तेज र तार कार खड़ी ट्रक से भिड़ी, 2 की मौत एक घायल

रायपुर (आरएनएस)। तेज र तार कार खड़ी ट्रक से टकरा गई । जिसके चलते कार चालक सहित हादसे में दो लोगों की मौत हो गई व कार की पीछे सीट पर बैठा व्यक्ति घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट कबीरनगर थाने में दर्ज करायी गई है। वहीं अज्ञात कार की ठोकर से सायकिल सवार व्यक्ति की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो जाने की रिपोर्ट धरसींवा थाने में दर्ज करायी गई है।

मिली जानकारी के अनुसार शांतीनगर सुपेला भिलाई निवासी प्रणव साहा 43 वर्ष पिता एनटी साहा ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि वह परफेक्ट इनफेक्शन सर्विसेस कंपनी भिलाई में मैनेजर के पद पर पदस्थ है। 3 जुलाई को कंपनी का ओमनी कार क्रमांक सीजी 07 एम 6108 चालक भरत निर्मलकर 25 वर्ष पिता गुलाब निर्मलकर 03 जुलाई को कंपनी का कारीगर विजय गोईन तथा राजीव कोनार 41 वर्ष पिता साधन कोनार निवासी बाकुरा बंगाल को लेकर उरला कंपनी की तरफ वेल्डिंग टेस्टिंग के काम से गए थे। 4 जुलाई रविवार को सुबह पौने 6 बजे के करीब विजय गोईन ने प्रार्थी को फोन पर जानकारी दिया कि वापस आते समय लापरवाही पूर्वक व तेज गति से भरत निर्मलकर द्वारा कार चलाते समय खड़ी ट्रक से महादेव ढाबा के सामने रिंग रोड नंबर 02 कबीरनगर के पास टकरा गया। जिसके चलते प्रार्थी को गंभीर चोट आने पर उसे ए स अस्पताल में र्ती किया गया है तथा भरत निर्मलकर एवं राजीव कोनार को दुर्घटना में गंभीर चोट लगने की वजह से उनकी मौत हो गई। मामले की शिकायत पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ धारा 279,337,304 ए के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसमूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी शकुन्तले एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कल कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिये कार्यक्रम जारी

रायगढ़। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा संलग्न परिशिष्ट-एक में उल्लेखित नगर पालिकाओं (नगर पालिक निगम, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत)के आम निर्वाचन 2021, परिशिष्ट-दो में उल्लेखित नगर पालिकाओं के उप निर्वाचन 2021 कराये जाने हेतु 01 जनवरी 2021 की संदर्भ तारीख के आधार पर फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिये दो चरणों में कार्यक्रम (समय-अनुसूची)निर्धारित की गई है।

निर्वाचक नामावली तैयार करने हेतु प्रथम चरण में 5 जुलाई 2021 को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति की गई। 7 जुलाई 2021 तक प्रारंभिक प्रारूप निर्वाचक नामावली तैयार करने हेतु कर्मचारियों का चयन एवं नियुक्ति, 15 जुलाई 2021 तक निर्वाचक नामावली तैयार करने हेतु रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/प्राधिकृत कर्मचारियों का प्रशिक्षण, 16 जुलाई 2021 तक भारत निर्वाचन आयोग की 01.01.2021 की स्थिति में तैयार अद्यतन विधानसभा की निर्वाचक नामावली जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त करना, 20 जुलाई 2021 तक विधानसभा की निर्वाचक नामावली वार्डवार पृथक कर रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को उपलब्ध कराना, 26 जुलाई 2021 तक प्रचलित परिसीमन के आधार पर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा निर्वाचक नामावली को वार्डवार एवं भागवार मार्किंग करना, 31 जुलाई 2021 तक वार्डवार एवं भागवार चिन्हित निर्वाचकों को सॉफ्टवेयर के माध्यम से दर्शित वार्ड के संबंधित भाग के अनुभाग में शिफ्ट किया जाना, 2 अगस्त 2021 तक निर्वाचक नामावली की चेकलिस्ट (पीडीएफ)तैयार करना, 5 अगस्त 2021 तक चेकलिस्ट (पीडीएफ)की जांच करना, त्रुटि सुधार कराना, 7 अगस्त 2021 तक चेकलिस्ट संशोधन पश्चात प्रारूप निर्वाचक नामावली मुद्रण हेतु जिला निर्वाचन कार्यालय को प्रदाय करना तथा 11 अगस्त 2021 तक जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा निर्वाचक नामावली का मुद्रण कराना एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को उपलब्ध कराने हेतु निर्धारित है। द्वितीय चरण में 16 अगस्त 2021 तक निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन एवं दावे तथा आपत्तियां प्राप्त करना एवं मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को निर्वाचक नामावली उपलब्ध कराना, 25 अगस्त 2021 को अपरान्ह 3 बजे तक दावे/आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तारीख व समय तथा 2 सितम्बर 2021 दिन गुरूवार को दावे/आपत्तियों का निपटाने की अंतिम तारीख एवं प्ररूप-क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक रजिस्ट्रीकरण को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि, 8 सितम्बर 2021 प्ररूप क-1 में प्राप्त दावा का निराकरण करने की अंतिम तिथि, निराकरण आदेश पारित होने के 5 दिवस के भीतर दावे/आपत्तियों के निराकरण आदेश के विरूद्ध अपील करने की अंतिम तारीख, 13 सितम्बर 2021 तक परिवर्धन, संशोधन, विलोपन के प्रकरणों की प्रविष्टि सॉफ्टवेयर में करना, 20 सितम्बर 2021 तक चेकलिस्ट का निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जांच करवाना तथा पीडीएफ मुद्रण हेतु जिला कार्यालय को सौंपना, 27 सितम्बर 2021 तक अनुपूरक सूची का मुद्रण कराना और अनुपूरक सूची को मूल सूची के साथ संलग्न करना तथा 30 सितम्बर 2021 गुरूवार को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन होगा।